News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-306
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
परेशानिया आये तो सब्र से काम ले जल्दबाज़ी में अक्सर फ़ैसले ग़लत होते है।

# बिहार सिटी चीफ



बिहार, सोमवार, 10 फरवरी 2025
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

## पेड़ से लटकी मिली युवती की लाश, पिता ने प्रेमी पर लगाये आरोप

**पूर्णिया**, पूर्णिया में दुपट्टे के सहारे संदेहास्पद परिस्थिति में बेर के पेड़ से लटकती हुई एक युवती की लाश मिली। मृतका की पहचान के. नगर थाना क्षेत्र के परोरा पंचायत के वार्ड 4 बादर चौक निवासी मो इसराफिल की बेटी रूबी खातून (22) के रूप में हुई। घटना के.नगर थाना क्षेत्र के बादर चौक के पास की है। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया।

**पिता ने लगाये गंभीर आरोप**

घटना को लेकर परिजनों का कहना है कि लड़की लालू नाम के किसी लड़के से प्यार करती थी। लड़के ने इसे मिलने के लिए बुलाया। दोस्तों के साथ मिलकर गलत किया और फिर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिय वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके से कई अहम साक्ष्य इकट्ठा किया है।

**गांव के लड़के से करती थी प्रेम**

घटना के संबंध में मृतका के पिता मो. इसराफिल और बहन मो साजिदा ने बताया कि रूबी खातून की पिछले 6 महीने पहले से गांव



के ही रहने वाले सोनू कुमार नाम के लड़के के दोस्त लालू (24) से मुलाकात हुई थी। लालू ओरिया गांव का रहने वाला है। उन्होंने कहा कि इनदोनों की मुलाकात हुई। फिर दोनों दोस्त बने। धीरे-धीरे दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे। दोनों फोन पर बातचीत करने लगे। कॉल डिटेल के मुताबिक शनिवार देर दोपहर करीब 2 बजे प्रेमी का कॉल कीपैड वाले फोन पर आया था। इसी के कुछ देर बाद वो घर से निकली थी। मगर काफी शाम होने पर भी जब वो घर नहीं लौटी। काफी देर तक वापस घर नहीं लौटने पर घरवालों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी, मगर कहीं कुछ पता नहीं चल सका। इसी क्रम में उन्हें लड़के पर शक हुआ। जिसके बाद वे लोग गांव में रहने वाले उस लड़के के पास गए जो रूबी का प्रेमी लालू का दोस्त था। यहां से वे दोबारा से लड़की को ढूंढने निकले।

**शरीर पर थे खरोंच के निशान, कपड़े भी फटे थे**

खोजबीन के दौरान ग्रामीणों ने के.नगर थाना से करीब 800 मीटर की दूरी पर रेलवे स्टेशन से लगे झवारी घाट के पास बेर के पेड़ से लटकती किसी लड़की की लाश मिलने की बात बताई। इसके कुछ देर बाद ही वे मौके पर पहुंचे और फिर शव की शिनाख्त की। लड़की का घुटना जमीन को स्पर्श कर रहा है। कपड़े भी फटे हैं और शरीर पर भी हल्के खरोच के निशान हैं। इसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि प्रेमी लालू ने इसे मिलने के बहाने बुलाया। दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ गलत किया और फिर हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए शव को दुपट्टे के सहारे बैर के पेश से लटका दिया है और फिर उसकी हत्या कर दी है।

**फॉरेंसिक टीम को मिले कई अहम साक्ष्य**

घटना की जानकारी देते हुए के.नगर थानाध्यक्ष नवदीप गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलते ही के.नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी। साथ ही पूर्णिया फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। जांच में कई अहम साक्ष्य इकट्ठा किए गये हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है। परिजनों की ओर से फिलहाल कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मुजफ्फरपुर - पटना के बीच चलेगी नमो भारत, लंबी दूरी के लिए भी मिली ये ट्रेनें

**मुजफ्फरपुर**, मुजफ्फरपुर से पटना के लिए नमो भारत ट्रेन चलाई जाएगी। इसके अलावा यहां से लंबी दूरी के लिए वंदे और अमृत भारत ट्रेनें चलेंगी। रविवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने उक्त घोषणा की।

निर्धारित समय से कुछ देरी से मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंचे रेलमंत्री करीब 20 मिनट तक यहां रुके। यहां बन रहे विश्वस्तरीय स्टेशन के थ्रीडी मॉडल को देखा।

**पटना के लिए चलेगी नमो भारत ट्रेन**

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कम दूरी यानी 50 से 100 किमी के लिए नमो भारत ट्रेन चलाई जाएगी। मुजफ्फरपुर से भी पटना के लिए यह ट्रेन दी जाएगी। वहीं अधिक दूरी के लिए वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन यहां से भी चलेंगी।

**जंक्शन के बाहर जलजमाव से मिलेगी मुक्ति**

बरसात में जंक्शन के बाहर जलजमाव की समस्या के बारे में वार्ड पार्षद केपी पप्पू ने उन्हें जानकारी दी। इस पर रेलमंत्री ने माइक्रोटनलिंग बनाकर पानी की निकासी कराने का निर्देश रेल अधिकारियों को दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पहले की बजट से इस बार नौ गुना अधिक रेल बजट बिहार को दिया गया है।

**थ्री-डी मॉडल का किया अवलोकन**

रेल मंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे मुजफ्फरपुर जंक्शन के थ्री-डी मॉडल का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर वासियों के लिए हर्ष की बात है कि 442 करोड़ की लागत से मुजफ्फरपुर जंक्शन वर्ल्ड क्लास स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा।

रेल मंत्री ने कहा कि किसी भी परियोजना को पूरा करने के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी।

**95 हजार युवाओं की भर्ती प्रक्रिया शुरू**

रेलवे द्वारा 95 हजार युवाओं की भर्ती के लिए




प्रक्रिया चल रही है। पिछले वर्ष भारतीय रेलवे द्वारा पारदर्शी तरीके से 1.51 लाख से ज्यादा भर्तियां की गई हैं। 95 हजार लोगों की भर्तियों की मॉनिटरिंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का कई बार लिया नाम**

रेलमंत्री ने नरेन्द्र मोदी को यशस्वी प्रधानमंत्री तथा नीतीश कुमार को भी यशस्वी मुख्यमंत्री कहा। दस मिनट के संबोधन में दस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पांच बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रेलमंत्री भी रह चुके हैं। रेलभवन में लोग हमेशा उन्हें याद करते हैंष प्रधानमंत्री की सोच है कि लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मिले।

इसलिए पूर्व मध्य रेल के 98 रेलवे स्टेशनों को मॉडल स्टेशन बनाने का फंड दिया है। मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी रेलखंड का दोहरीकरण, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा आदि रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य अपने हाथ से किया है।

इससे पहले स्थानीय सांसद व केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी निषाद के प्रतिनिधि किशन चौधरी ने बुके देकर स्वागत किया। इसके अलावा भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी, डिप्टी मेयर डा. मोनालिसा, डा. नवीन कुमार, चैंबर आफ कामर्स के महामंत्री प्रमोद जाजोदिया आदि ने भी स्वागत किया।

मौके पर केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, सांसद डा. संजय जायसवाल, सांसद सुनील कुमार, सांसद गोपालजी ठाकुर, पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, आरपीएफ आइजी अमरेश कुमार, समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव, सोनपुर डीआरएम विवेक भूषण सूद, सीपीआरओ सरस्वती चंद्र, भाजपा नेता प्रभात मालाकार समेत कई विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

## बिहार में होगी ठंड की विदाई या वापसी?

### बदलते मौसम की बीच IMD ने दिया अपडेट

**पटना।** प्रदेश का मौसम पछुआ के प्रभाव से शुष्क बना हुआ है। उत्तरी भागों में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाए रहने की संभावना है। जबकि पटना सहित शेष जिलों का मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार 72 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने के साथ धीरे-धीरे ठंड का प्रभाव कम हो जाएगा।

**बांका रहा सबसे ठंडा**

पछुआ की गति में कमी आने के कारण मौसम सामान्य बने रहने की संभावना है। रविवार को पटना सहित 21 शहरों के न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। पटना का न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 6.8 डिग्री सेल्सियस के साथ बांका सबसे ठंडा रहा।

वहीं पटना का अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस व 28.3 डिग्री सेल्सियस के साथ औरंगाबाद में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

**इन जिलों में गिरा पारा**

पुपरी व पूर्णिया को छोड़ कर पटना सहित शेष जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। उत्तरी भागों में हल्के कोहरे का प्रभाव बना रहा, जबकि पटना सहित अन्य जिलों के मौसम शुष्क बना रहा।

**वर्षा में कमी सामान्य से अधिक तापमान**

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया है कि इस माह में सामान्य से कम वर्षा की संभावना है। वहीं, अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर बने होने के कारण ठंड में कमी आने के साथ गर्मी में वृद्धि की संभावना है। मौसम में असामान्य बदलाव के कारण मुख्य तौर पर रबी फसलों पर इसका असर पड़ने की संभावना है। फरवरी के अंत तक तापमान में काफी होने पर जन जीवन के साथ कृषि पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

**प्रमुख शहरों के तापमान में वृद्धि**

औरंगाबाद के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री, डेहरी के अधिकतम तापमान में 2.2 डिग्री, बक्सर के अधिकतम तापमान में 3.7 डिग्री, अरवल के अधिकतम तापमान में 2.1 डिग्री, नालंदा के अधिकतम तापमान में 1.6 डिग्री। गया के अधिकतम तापमान में 1.9 डिग्री, मधुबनी के अधिकतम तापमान में 3.2 डिग्री, किशनगंज के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री, भागलपुर के अधिकतम तापमान में 0.6 डिग्री, जमुई के अधिकतम तापमान में 1.1 डिग्री, पूसा के अधिकतम तापमान में 0.9 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई।

**प्रमुख शहरों का तापमान**

पटना- पटना में आज का अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मुजफ्फरपुर- मुजफ्फरपुर में आज का अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

भागलपुर- भागलपुर में आज का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। गया- गया में आज का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

## फिलीपींस की महिला ने बिहारी बाबू को दिया अपना दिल

### मोतिहारी आकर रचाई अनोखी शादी

**मोतिहारी**, फिलीपींस की चार्लीन (28) भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर मोतिहारी के चिंतावनपुर निवासी उमेश श्रीवास्तव के पुत्र अमृत शरण के साथ सात फेरे लिये. शहर के एक होटल में हिंदू संस्कृति के अनुसार विवाह रचाया. उसके साथ उसके पिता मैगनोलिया, माता रोमेल, दादी इयूनाइस और अमेरिका के सेंट फ्रांसिस स्थान विलानवेरा से मोतिहारी पहुंचे थे. युवती के परिजनों को लड़के के बड़े भाई



पंकज कुमार ने उन्हें गांधी संग्रहालय दिखाया. वहां चार्लीन के परिजनों ने बापू के स्मृति स्तंभ पर पुष्प अर्पित किया. कहा कि धन्य है चंपारण की यह मिट्टी जहां के लोगों ने चंपारण का नाम देश-दुनिया के इतिहास में दर्ज किया. लौटने के समय संग्रहालय के विनय कुमार को थैक्यू बोलकर खुशी का इजहार किया. संग्रहालय में गांधी जी का टेबल भी देखा. दुबई के एक होटल में चिंतावनपुर के अमृत व फिलीपींस की चार्लीन एक साथ नौकरी करते है. वहां भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर चार्लीन ने भारत में ही शादी करने की ठानी. लड़के के भाई पंकज ने बताया कि दोनों होटल मैनेजमेंट कर दुबई में कार्यरत हैं. यहां की संस्कृति की देन है कि मेरे भाई के साथ फिलीपींस की युवती ने राजी-खुशी शादी की है.

## 12वें दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म उत्सव का भव्य समापन

12वें दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म उत्सव का भव्य समापन आज हो गया। बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा, दरभंगा फिल्म क्लब के चेयरमैन मेराज सिद्दीकी, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन डा. फातिमा राशिद शेख, पूर्व विधायक फराज फातमी एवं विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन ने इस कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। यह कार्यक्रम दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव की क्लोज़िंग फिल्म बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म दादा लखमी रही, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस वर्ष उत्सव में देश-विदेश की 45 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई, जिसने सिनेमा प्रेमियों और फिल्म निर्माताओं को एक वैश्विक मंच प्रदान किया। 12वें दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म उत्सव में युवा सांस्कृतिक प्रस्तुति और सिनेमा क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें दरभंगा के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनकी शानदार प्रस्तुतियों ने उत्सव को और भी जीवंत बना दिया।समापन समारोह में विभिन्न श्रेणियों में 65 अवॉर्ड्स प्रदान किए गए। इस मौके पर भारत सहित विभिन्न देशों के प्रतिभाशाली फिल्म निर्माताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही रेड कार्पेट सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा समेत कई कलाकारों ने भाग लिया। यशपाल शर्मा ने दरभंगा के फिल्म प्रेमियों से बातचीत की और उनके साथ फोटो सेशन भी किया।

**दरभंगा में सिनेमा का बढ़ रहा प्रभाव**

दरभंगा फिल्म क्लब द्वारा आयोजित यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव लगातार 12 वर्षों से सिनेमा प्रेमियों के लिए एक प्रतिष्ठित मंच बना हुआ है। यह न केवल स्थानीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्मकारों को एक साथ लाने का कार्य करता है, बल्कि मिथिला एवं बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करता है। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता ने एक बार फिर दरभंगा को फिल्म फेस्टिवल हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। आयोजकों ने इस उत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी कलाकारों, मेहमानों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## बिहार में और बेहतर होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं, नीतीश कुमार ने कर दिया ये एलान

**पटना**, स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत बनाने को लेकर सरकार लगातार प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य सुविधा आमजन को सहजता और सुलभता से मिल सके इसके लिए राज्य सरकार के आदेश पर राज्य में नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 794 स्वास्थ्य उप केंद्रों का निर्माण चल रहा है।

इनमें से बड़ी संख्या में निर्माण कार्य हो भी चुके हैं। शेष काम जल्द से जल्द पूरा हो सके, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक अरब से ज्यादा की राशि स्वीकृत की है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार करीब दो वर्ष पूर्व स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और 15वें वित्त आयोग से मिली राशि के साथ ही राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अंतर राशि से 123 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 130 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 794 स्वास्थ्य उप केंद्र के निर्माण का निर्णय लिया गया था।

इन योजनाओं की कुल लागत 1754.99 करोड़ थी। इसमें राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली अंतर राशि भी शामिल थी। अब सरकार ने इन अस्पतालों के लिए अंतर राशि 1 अरब 5 करोड़ रुपये के आसपास स्वीकृत कर दी है।

बता दें कि उक्त योजनाओं के निर्माण कार्य की निविदा बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम ने की थी।



योजनाओं के निर्माण का काम आधारभूत संरचना निगम एवं भवन निर्माण विभाग के स्तर पर किया जा रहा है। सभी परियोजनाओं में चार दीवार, वर्षा जल संचय तथा सौर उर्जा का प्रविधान किया गया है।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक जरूरतमंदों का किया गया चिकित्सीय परीक्षण दूसरी ओर सारण नगर पंचायत के जयगोविन्द उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को स्वर्गीय केदार महाराज के पुण्यस्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ पटना शक्ति एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सौजन्य से किया गया।

इसका उद्घाटन रोटरी की अध्यक्षा वंदना सिन्हा, इंडियन ऑयल के सेल्स मैनजर राहुल काल सहित रोटरी सदस्य जय प्रकाश टोडी, रवि खयाल सहित उपस्थित चिकित्सकों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटना एवं आईजीआईएमएस पटना तथा पीएमसीएच पटना के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा 500 से अधिक मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

उक्त आयोजन में जनरल फिजिसियन एचओडी मेडिसिन डॉ. अखिलेश कुमार, नेत्र चिकित्सक डॉ. रामानुज सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. जुनैद आलम सहित कई विभागों के वरीय चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को निःशुल्क परामर्श और दवा दी। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में प्रह्लाद महाराज, अतुल कौशिक उर्फ विकास महाराज, प्रो. कन्हैया सिंह एवं विधान पार्षद प्रतिनिधि तनुज सौरभ कृष्णा सिंह, संजय मालाकार ने महती भूमिका निभाई।